# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
# हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com & dfo-hazaribaghwest@gov.in


पत्रांकः 1356 दिनांक : 11/03/23

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल,,
हजारीबाग ।

विषयः– डी0भी0सी0 हजारीबाग (सिंदूर) सब– स्टेशन से पूर्व– मध्य रेलवे (ECR) धनबाद के टी0एस0एस0 अन्तर्गत प्रस्ताव संख्या FP/JH/TRANS/120412/2021 तक 132 के0वी0 डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु 10.106 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में ।

प्रसंग :– आपका पत्रांक 1844 दिनांक 02.11.2022।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि डी0भी0सी0 हजारीबाग (सिंदूर) सब– स्टेशन से पूर्व– मध्य रेलवे (ECR) धनबाद के टी0एस0एस0 अन्तर्गत 132 के0वी0 डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु 10.106 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में किये गये पृच्छा का निराकरण कर प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित किया गया है, जो निम्नवत है –

| कमांक | पृच्छा | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित निराकरण प्रतिवेदन | वन प्रमण्डल पदाधिकारी का मंतव्य |
|---|---|---|---|
| 1. | विषयक परियोजना में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्ताव के साथ समर्पित किय गया Land Schudle (अनुलग्नक –D ) के मौजा गदोखर के प्लॉट संख्या 1171 में कुल रकवा 0.853 हे0 को जंगल –झाड़ी भूमि अंकित किया गया है। जबकि उपायुक्त, हजारीबाग के ज्ञापांक 412 दिनांक 05.07.2021 द्वारा जंगल –झाड़ी भूमि के लिए निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र में उक्त रकवा के लिए प्लॉट संख्या –1174 अंकित किया गया है, जो विराधभाषी है। | प्लॉट संख्या सुधार कर अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुलग्न है, अनुलग्नक (क) | उपायुक्त, हजारीबाग के ज्ञापांक 377 दिनांक 28.02.2023 द्वारा प्लॉट संख्या सुधार कर अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है, अनुलग्नक (क) पर संलग्न है। |
| 2. | विषयक परियोजना में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्ताव के साथ | पत्र संख्या 122 दिनांक 07.02.2023 द्वारा | प्रयोक्ता अभिकण द्वारा उपायुक्त, हजारीबाग से |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | समर्पित किया गया Land Schudle (अनुलग्नक –D ) के मेंज मंडईखूर्द के प्लॉट संख्या 390, 3202, 582 एवं 806 का कुल रकवा 2.827 हे0 वनभूमि अंकित किया गया है। जबकि अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के ज्ञापांक 424 दिनांक 26.02.2021 द्वारा वनाधिकार के तहत निर्गत बैठक की कार्यवाही में तीन प्लॉट यथा प्लॉट संख्या 390, 582 एवं 806 में कुल रकवा 2.825 हे0 अंकित किया गया है। इसमें प्लॉट संख्या – 3202 का उल्लेख नहीं किया गया है। | उपायुक्त, हजारीबाग से प्लॉट संख्या 3202, मौजा– मंडई खुर्द का FRA की मांग की गई जो अभी अप्राप्त है। प्राप्ति उपरांत संबंधित FRA जमा की जाएगी (after stage -I)। संबंधित बचनबद्धता संलग्न अनुलग्नक (ख) | प्लॉट संख्या 3202, मौजा– मंडई खुर्द का FRA की मांग की गई है। तथा स्टेज –I के प्राप्ति के पश्चात FRA समर्पित करने का बचनबद्धता समर्पित किया गया है, जो अनुलग्नक–(ख) पर संलग्न है। |
| 3 | विषयक परियोजना में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्ताव के साथ समर्पित किया गया Land Schudle में कतिपय प्लॉट का खतियान तथा भूमि संबंधी अन्य अभिलेख उपलब्धता नहीं होने तथा नष्ट होने का उल्लेख किया गया है। इस संदर्भ में संबंधित अंचल अधिकारी द्वारा भी उल्लेख किया गया है। ऐसी परिस्थित में सरकार द्वारा संबंधित उपायुक्त से निर्गत प्रमाण पत्र तथा प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा संलग्न किया जाना है, जबकि प्रस्ताव में अनुलग्नक – R रूप में ''प्रपत्र–1 उपायुक्त का प्रमाण पत्र '' समर्पित करने हेतु बचनबद्धता प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है, जो यथोचित नहीं है। | प्रपत्र–I तथा प्रपत्र – II संलग्न है। अनुलग्नक (ग) | उपायुक्त, हजारीबाग के पत्रांक 435 दिनांक 06. 02.2023 द्वारा प्रपत्र–I में निर्गत प्रमाण पत्र तथा प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रपत्र – II में बचनबद्धता प्रमाण पत्र अनुलग्नक –(ग) पर संलग्न है। |
| 4 | प्रस्ताव में संलग्न सभी अभिलेखों पर पृष्ठ संख्या दर्ज नहीं है। | पृष्ठ संख्या दर्ज कर दी गई है। | प्रस्ताव में संलग्न सभी अभिलेखों पर पृष्ठ संख्या दर्ज कर दी गई है। |

अतः प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित निराकरण/प्रस्ताव प्रतिवेदन आठ प्रतियों में संलग्न कर इस पत्र के साथ भेजी जा रही है।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

आपका विश्वासी

वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल